**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** .................................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________
(In words)

**D 4 6 1 5**

# PAPER - II
# ADULT EDUCATION

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **32** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।



www.examrace.com

## ADULT EDUCATION

## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. Which of the following is **not** a characteristic of a computer ?
   (1) Speed (2) Accuracy (3) Emotions (4) Versatility

2. In which year *National Documentation Centre* on Mass Communication was created ?
   (1) 1969 (2) 1978 (3) 1976 (4) 1986

3. In which city "Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development" is located ?
   (1) Rae Bareli, Uttar Pradesh (2) Sriperambudur Tamil Nadu
   (3) Gurgaon, Haryana (4) Pune, Maharashtra

4. Which day of the year is celebrated as the 'World Health Day' ?
   (1) 7 May (2) 10 April (3) 7 April (4) 10 June

5. "Trial and Error Learning Theory" is associated with :
   (1) Skinner (2) Kohler (3) Thorndike (4) Maslow

6. In which year a full-fledged Department of Family Welfare was set up by the Government of India ?
   (1) 1952 (2) 1957 (3) 1966 (4) 1978

7. Which state has the "lowest female literacy rate" ? Choose one out of the following.
   (1) Jammu and Kashmir (2) Haryana
   (3) Rajasthan (4) Bihar

8. Which state has the "above the average literacy rate of India" ?
   (1) Madhya Pradesh (2) Uttarakhand
   (3) Andhra Pradesh (4) Odisha



www.examrace.com

## प्रौढ़ शिक्षा

### प्रश्न-पत्र - II

**निर्देश :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

1. निम्नलिखित में से क्या कम्प्यूटर का गुण **नहीं** है?
   (1) गति (2) शुद्धता (3) संवेग (4) बहुमुखी

2. *नेशनल डाक्यूमेण्टेशन सेन्टर* आन मास कम्युनिकेशन की स्थापना किस वर्ष में हुई?
   (1) 1969 (2) 1978 (3) 1976 (4) 1986

3. ''राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास'' संस्थान किस शहर में स्थित है?
   (1) रायबरेली, उत्तर प्रदेश (2) श्रीपेरम्बदूर, तमिलनाडु
   (3) गुड़गांव, हरियाणा (4) पुणे, महाराष्ट्र

4. कौन-सा दिन 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के रूप में मनाया जाता है?
   (1) 7 मई (2) 10 अप्रैल (3) 7 अप्रैल (4) 10 जून

5. ''सीखने का अभ्यास एवं त्रुटि सिद्धान्त'' किससे सम्बन्धित है?
   (1) स्किनर (2) कोहलर (3) थार्नडाइक (4) मास्लो

6. भारत सरकार द्वारा ''परिवार कल्याण'' का पूर्ण विभाग किस वर्ष में स्थापित किया गया?
   (1) 1952 (2) 1957 (3) 1966 (4) 1978

7. निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य की ''महिला साक्षरता दर सबसे निम्न'' है?
   (1) जम्मू और कश्मीर (2) हरियाणा
   (3) राजस्थान (4) बिहार

8. किस राज्य की साक्षरता दर भारत वर्ष के औसत साक्षरता दर से अधिक है?
   (1) मध्य प्रदेश (2) उत्तराखण्ड
   (3) आन्ध्र प्रदेश (4) ओडिशा



www.examrace.com

9. What according to census 2011, is the sex ratio in India ?

(1) 927 (2) 943 (3) 946 (4) 933

10. University Grants Commission (UGC) was established in the year :

(1) 1945 (2) 1956 (3) 1957 (4) 1969

11. Learner Centered Approach means :

(1) It is teacher centric (2) It is subject centric

(3) It is process centric (4) None of the above

12. The determinant factor of population growth is :

(1) Family (2) Marriage (3) Economy (4) Fertility

13. What elements are relevant to the process of communication ?

(a) Environment

(b) Noise

(c) Feedback

(d) Motivation

**Codes :**

(1) (a) and (b) (2) (a), (b) and (c)

(3) (b) and (c) (4) (b), (c) and (d)

14. Which of the following elements are included in the objectives of social research ?

(a) Academic

(b) Non-Academic

(c) Secretarial

(d) Utilitarian

**Codes :**

(1) (a) and (b) (2) (a) and (d)

(3) (c) and (d) (4) (a) and (c)



www.examrace.com

**9.** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत वर्ष का लिंग अनुपात क्या है?

(1) 927 (2) 943 (3) 946 (4) 933

**10.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना किस वर्ष में की गई ?

(1) 1945 (2) 1956 (3) 1957 (4) 1969

**11.** 'शिक्षार्थी केन्द्रित' उपागम का तात्पर्य है :

(1) यह शिक्षक केन्द्रित है। (2) यह विषयवस्तु केन्द्रित है।

(3) यह प्रक्रिया केन्द्रित है। (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**12.** जनसंख्या वृद्धि का मुख्य कारक है :

(1) परिवार (2) विवाह (3) आर्थिक स्थिति (4) प्रजनन

**13.** संचार की प्रक्रिया के प्रासंगिक तत्व हैं :

(a) पर्यावरण

(b) शोर

(c) पृष्टपोषण

(d) अभिप्रेरणा

**कूट :**

(1) (a) और (b) (2) (a), (b) और (c)

(3) (b) और (c) (4) (b), (c) और (d)

**14.** सामाजिक शोध के उद्देश्यों में निम्नलिखित कौन-से तत्व समाहित हैं?

(a) शैक्षिक

(b) गैर-शैक्षिक

(c) सचिवीय

(d) व्यावहारिक/उपयोगी

**कूट :**

(1) (a) और (b) (2) (a) और (d)

(3) (c) और (d) (4) (a) और (c)



www.examrace.com

15. What are the "motivating factors of social research" as mentioned by P.V. Young ?

(a) Curiosity about unknown

(b) Curiosity about known

(c) Desire to understand the cause and effect of social problems

(d) Appearance of novel and unanticipated situations

**Codes :**

(1) (a) and (b) (2) (b) and (c)

(3) (a), (c) and (d) (4) (a), (b) and (c)

16. What are the two ways through which required information can be obtained in research ?

(a) Census method

(b) Sampling method

(c) Legal method

(d) Taxation method

**Codes :**

(1) (a) and (c) (2) (b) and (d)

(3) (c) and (d) (4) (a) and (b)

17. Training helps to generate :

(a) Mental ability and capacities

(b) Desired changes in behaviour

(c) Evaluation of the training

(d) Production of desired task

**Codes :**

(1) (b) and (c) (2) (a) and (b)

(3) (c) and (d) (4) (b) and (d)



www.examrace.com

**15.** पी.वी. यंग के अनुसार ''सामाजिक शोध'' को प्रोत्साहित करने वाले कारक हैं :

(a) अज्ञात के बारे में जिज्ञासा

(b) ज्ञात के बारे में जिज्ञासा

(c) सामाजिक समस्याओं के कारण और प्रभाव को समझने की इच्छा

(d) नए तथा अप्रत्याशित संदर्भों का प्रकटन

**कूट :**

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c)

(3) (a), (c) और (d) (4) (a), (b) और (c)

**16.** निम्न में से किन दो तरीकों के माध्यम से अनुसंधान में अपेक्षित सूचना प्राप्त की जा सकती है ?

(a) गणना विधि

(b) प्रतिदर्श विधि

(c) वैधानिक विधि

(d) कराधान विधि

**कूट :**

(1) (a) और (c) (2) (b) और (d)

(3) (c) और (d) (4) (a) और (b)

**17.** प्रशिक्षण से किनके सृजन में सहायता मिलती है ?

(a) मानसिक योग्यता एवं क्षमताएँ

(b) व्यवहार में वांछित परिवर्तन

(c) प्रशिक्षण का मूल्यांकन

(d) वांछित कार्य का उत्पादन

**कूट :**

(1) (b) और (c) (2) (a) और (b)

(3) (c) और (d) (4) (b) और (d)



www.examrace.com

**18.** Which of the following are the primary sources of research data ?

(a) Personal diary of an unrelated person

(b) Direct observation of the occurring event

(c) Information from the concerned informant

(d) Extract from a legal text

**Codes :**

(1) (a), (b) and (c) (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (b) and (d) (4) (a), (c) and (d)

**19.** Components which describe the planning stage of a research design are :

(a) Selection and formulation of research problem

(b) Research problem and its theoretical frame-work

(c) Analysis of results

(d) Formulation of hypotheses

**Codes :**

(1) (a), (b) and (c) (2) (a), (b) and (d)

(3) (b) and (c) (4) (c) and (d)

**20.** **Assertion (A) :** Neo-literate woman resorted to anti-arrack agitation in Andhra Pradesh.

**Reason (R) :** Learning content in literacy classes create attitudinal and behavioural changes among learners at Adult Education Centres.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are wrong.

(2) **(A)** is wrong and **(R)** is right.

(3) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** supports **(A).**

(4) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** does not support **(A).**



www.examrace.com

**18.** निम्न में से कौन-कौन अनुसंधान डाटा के प्राथमिक स्रोत हैं?

(a) असंबंधित व्यक्ति की व्यक्तिगत डायरी

(b) घटित होने वाली घटना का सीधा अवलोकन

(c) संबंधित सूचनादाता से सूचना

(d) विधिक पाठ का सार

**कूट :**

(1) (a), (b) और (c) (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (b) और (d) (4) (a), (c) और (d)

**19.** निम्न में से कौन-कौन घटक किसी अनुसंधान अभिकल्प में योजना चरण का वर्णन करते हैं?

(a) अनुसंधान समस्या का चयन एवं प्रतिपादन

(b) अनुसंधान समस्या एवं इसका सैद्धांतिक ढाँचा

(c) परिणामों का विश्लेषण

(d) परिकल्पनाओं का प्रतिपादन

**कूट :**

(1) (a), (b) और (c) (2) (a), (b) और (d)

(3) (b) और (c) (4) (c) और (d)

**20.** **अभिकथन (A) :** नवसाक्षर महिलाओं ने आंध्र प्रदेश में ताड़ी रोधी आंदोलन का सहारा लिया।

**कारण (R) :** साहित्यिक कक्षाओं में अधिगम की विषय-वस्तु प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों में शिक्षार्थियों के बीच रवैया एवं व्यावहारिक परिवर्तन पैदा करती है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(2) **(A)** गलत है और **(R)** सही है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** का समर्थन करता है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** का समर्थन नहीं करता है।



www.examrace.com

21. **Assertion (A)** : When we talk of a strong character we mean strength of will.

**Reason (R) :** There is no curriculum or method that will produce character by magic.

**Codes :**

(1) **(A)** is correct and **(R)** is not correct.

(2) **(A)** is not correct **(R)** is correct.

(3) **(A)** and **(R)** both are not correct.

(4) **(A)** and **(R)** both are correct.

22. **Assertion (A)** : A strong mind elevates a society.

**Reason (R) :** A weak mind brings the downfall of a society.

**Codes :**

(1) **(A)** is correct and **(R)** is not relevant.

(2) **(A)** is correct and **(R)** is incorrect.

(3) **(A)** and **(R)** both are correct.

(4) **(A)** and **(R)** both are not correct.

23. **Assertion (A)** : Human skills have improved management functions.

**Reason (R) :** Productivity is linked to the welfare of the people working in an organization.

**Codes :**

(1) **(A)** is correct and **(R)** is wrong.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** exemplify **(A).**

(3) Both **(A)** and **(R)** are wrong.

(4) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** does not exemplify **(A).**

24. **Assertion (A)** : Teaching - Learning material for literacy programmes are prepared in the language of the learner.

**Reason (R) :** Learning of literacy skills are independent of language of the learner.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** supports the **(A).**

(2) Both **(A)** and **(R)** are wrong.

(3) **(A)** is correct and **(R)** is wrong.

(4) **(A)** is wrong and **(R)** is correct.



www.examrace.com

21. **अभिकथन (A)** : जब हम दृढ़ चरित्र की बात करते हैं तो हमारा तात्पर्य इच्छाशक्ति से है।

**तर्क (R) :** ऐसा कोई पाठ्यक्रम या विधि नहीं है जो जादू द्वारा चरित्र का निर्माण कर सकें।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

(2) **(A)** गलत है और **(R)** सही है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

22. **अभिकथन (A)** : दृढ़ मस्तिष्क समाज को उन्नत करता है।

**तर्क (R) :** कमजोर मस्तिष्क समाज में पतन लाता है।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है और **(R)** प्रासंगिक नहीं है।

(2) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

23. **अभिकथन (A)** : मानव कौशल ने प्रबंधन के कार्यों में सुधार ला दिया है।

**तर्क (R) :** उत्पादकता किसी संगठन में कार्यरत लोगों के कल्याण से संबंधित है।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** का उदाहरण है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** का उदाहरण नहीं है।

24. **अभिकथन (A)** : साक्षरता कार्यक्रमों के लिए शिक्षण-अधिगम सामग्री शिक्षार्थी की भाषा में तैयार की जाती है।

**तर्क (R) :** साक्षरता कौशल का अधिगम शिक्षार्थी की भाषा से स्वतंत्र है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** का समर्थन करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(3) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है और **(R)** सही है।



www.examrace.com

25. **Assertion (A)** : The teacher should try to pay individual attention to each learner in a group.

**Reason (R) :** The teacher should not keep in view the individual differences of his students.

**Codes :**

(1) **(A)** is correct and **(R)** is not correct.

(2) **(A)** and **(R)** both are correct.

(3) **(A)** is not correct and **(R)** is correct.

(4) **(A)** and **(R)** both are not correct.

26. **Assertion (A)** : Learning helps in the realization of the goals of life.

**Reason (R) :** Learning does not imply development in the right direction.

**Codes :**

(1) **(A)** is correct and **(R)** is not correct.

(2) **(A)** is not correct and **(R)** is correct.

(3) **(A)** and **(R)** both are correct.

(4) **(A)** and **(R)** both are not correct.

27. Match **List - I** (Programmes of continuing education) with the **List - II** (activities under programmes of continuing education) and select the **right** answer using the codes given below the lists :

| **List - I** | **List - II** |
|---|---|
| (a) Income generating programme | (i) Health and Hygiene |
| (b) Equivalence Programme | (ii) Singing and Dancing |
| (c) Individual interest promotion programme | (iii) Non - formal education for drop outs |
| (d) Quality of life improvement programme | (iv) Bee keeping |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |



www.examrace.com

25. **अभिकथन (A)** : शिक्षक को किसी समूह के प्रत्येक शिक्षार्थी पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देने की कोशिश करनी चाहिए।

**तर्क (R) :** शिक्षक को अपने छात्रों के व्यक्तिगत अन्तरों को ध्यान में नहीं रखना चाहिए।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(3) **(A)** गलत है और **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

26. **अभिकथन (A)** : अधिगम जीवन के उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायता करता है।

**तर्क (R) :** अधिगम का तात्पर्य सही दिशा में विकास नहीं है।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है और **(R)** सही नहीं है।

(2) **(A)** सही नहीं है और **(R)** सही है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही नहीं हैं।

27. **सूची - I** (सतत् शिक्षा कार्यक्रम) को **सूची - II** (सतत् शिक्षा कार्यक्रमों के अंतर्गत कार्यकलाप) के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची - I** | **सूची - II** |
|---|---|
| (a) आय सृजन कार्यक्रम | (i) स्वास्थ्य और स्वच्छता |
| (b) समतुल्यता कार्यक्रम | (ii) गायन और नृत्य |
| (c) व्यक्तिगत रुचि संवर्धन कार्यक्रम | (iii) पढ़ाई बीच में छोड़ने वालों के लिए अनौपचारिक शिक्षा |
| (d) जीवन गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम | (iv) मधुमक्खी पालन |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |



www.examrace.com

28. Match the items given under **List - I** (Theory) with those in **List - II** (Associated with the name) and select the **correct** answer using the codes given below the list :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Hierarchy of needs | (i) | Skinner |
| (b) | Cognitive theory | (ii) | Maslow |
| (c) | Operant conditioning | (iii) | Bruner |
| (d) | Trial and error learning | (iv) | Thorndike |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

29. Match **List - I** (Schemes/Programmes) with **List - II** (Workers/Functionaries) using the codes as given below the lists :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | ICDS | (i) | Instructor |
| (b) | NRHM | (ii) | Anganwadi worker |
| (c) | NSS | (iii) | Asha worker |
| (d) | NAEP | (iv) | Enrolled student |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |



www.examrace.com

28. **सूची** - I (सिद्धांत)की मदों को **सूची** - II (संबंधित नाम)की मदों से सुमेलित कीजिए। नीचे दिये गये कूटों का उपयोग कीजिए :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | आवश्यकताओं की क्रमबद्धता | (i) | स्किनर |
| (b) | ज्ञानात्मक सिद्धांत | (ii) | मॉसलो |
| (c) | कार्यात्मक अनुकूलन | (iii) | ब्रूनर |
| (d) | अभ्यास एवं त्रुटि अधिगम | (iv) | थार्नडाइक |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

29. **सूची** - I (योजना/कार्यक्रम)की मदों को **सूची** - II (कार्यकर्ता)की मदों से सुमेलित कीजिए। नीचे दिये गये कूटों का उपयोग कीजिए :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | आई.सी.डी.एस. | (i) | अनुदेशक |
| (b) | एन.आर.एच.एम. | (ii) | आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता |
| (c) | एन.एस.एस. | (iii) | आशा कार्यकर्ता |
| (d) | एन.ए.ई.पी. | (iv) | नामांकित छात्र |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |



www.examrace.com

**30.** Match the **List - I** with **List - II.** Use the codes as given below the list :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Human Rights Day | (i) | $1^{st}$ December |
| (b) | World Nature Day | (ii) | $10^{th}$ December |
| (c) | Girl Child Day | (iii) | $3^{rd}$ October |
| (d) | World AIDS Day | (iv) | $24^{th}$ January |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

**31.** Match the **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes as given below the lists :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | National policy for women empowerment was announced in | (i) | 2010 |
| (b) | Right to education was enforced in | (ii) | 2001 |
| (c) | UGC Extensioning policy frame declared in | (iii) | 1988 |
| (d) | Five National technology missions were launched in | (iv) | 1977 |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |



www.examrace.com

30. **सूची** - **I** की मदों को **सूची** - **II** की मदों से सुमेलित कीजिए। नीचे दिये गये कूटों का उपयोग कीजिए :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | मानवाधिकार दिवस | (i) | 1 दिसम्बर |
| (b) | विश्व प्रकृति दिवस | (ii) | 10 दिसम्बर |
| (c) | बालिका दिवस | (iii) | 3 अक्तूबर |
| (d) | विश्व एड्स दिवस | (iv) | 24 जनवरी |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

31. **सूची** - **I** की मदों को **सूची** - **II** की मदों से सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गये कूटों का उपयोग कीजिए :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | महिला सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय नीति की घोषणा | (i) | 2010 |
| (b) | शिक्षा के अधिकार को लागू किया गया | (ii) | 2001 |
| (c) | विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रसार नीति की घोषणा | (iii) | 1988 |
| (d) | पाँच राष्ट्रीय तकनीकी मिशन को लागू किया गया | (iv) | 1977 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |



www.examrace.com

**32.** Match the items in **List - I** with those in **List - II** and select the **correct** answer using the codes given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Institution based on democratic decentralization | (i) | Family |
| (b) | A formal institution for education | (ii) | Mahila Mandal |
| (c) | Example of a non-government organization | (iii) | Panchayat |
| (d) | An informal institution of social relations | (iv) | School |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**33.** Match the **List - I** with **List - II** using the codes as given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | NIOS | (i) | Material development, training and documentation for literacy |
| (b) | SRC | (ii) | Distance education |
| (c) | UGC | (iii) | Education and training for visually challenged |
| (d) | NIVH | (iv) | Funding agency for higher education |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |



www.examrace.com

32. **सूची** - **I** में दिये गए मदों का मिलान **सूची** - **II** से करें तथा नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करते हुए **सही** उत्तर दें :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण पर आधारित संस्था | (i) | परिवार |
| (b) | शिक्षा की एक औपचारिक संस्था | (ii) | महिला मण्डल |
| (c) | गैर–सरकारी संगठन का एक उदाहरण | (iii) | पंचायत |
| (d) | सामाजिक संबंधों की एक अनौपचारिक संस्था | (iv) | स्कूल |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

33. **सूची** - **I** में दिये गये मदों का मिलान **सूची** - **II** से करें तथा नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर दें :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | एन.आई.ओ.एस. | (i) | साक्षरता के लिए सामग्री निर्माण, प्रशिक्षण और प्रलेखन |
| (b) | एस.आर.सी. | (ii) | दूरस्थ शिक्षा |
| (c) | यू.जी.सी. | (iii) | दृष्टिविहीनों के लिए शिक्षा एवं प्रशिक्षण |
| (d) | एन.आई.वी.एच. | (iv) | उच्च शिक्षा के लिये अनुदान संस्था |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |



www.examrace.com

**34.** Match the **List - I** with **List - II** by using codes as given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Swami Dayanand | (i) | Scientist |
| (b) | Jagdish Chandra Bose | (ii) | Dramatist |
| (c) | Mahatma Jyotiba Phule | (iii) | Religious leader |
| (d) | Safdar Hasmi | (iv) | Social Reformer |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**35.** Arrange the following states given below according to their population size in descending order :

(a) Bihar

(b) Madhya Pradesh

(c) Rajasthan

(d) Maharashtra

**Codes :**

(1) (d), (a), (b), (c)    (2) (b), (c), (d), (a)

(3) (c), (b), (a), (d)    (4) (a), (b), (c), (d)

**36.** Match the **List - I** with **List - II** and select the **correct** answer from the codes as given below :

| | **List - I** **(States)** | | **List - II** **(Density of population)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Tamil Nadu | (i) | 350 |
| (b) | Karnataka | (ii) | 394 |
| (c) | Haryana | (iii) | 555 |
| (d) | Maharashtra | (iv) | 573 |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |



www.examrace.com

34. **सूची - I** को **सूची - II** से मिलान कीजिए। नीचे दिये गए कूटों का प्रयोग करें :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | स्वामी दयानन्द | (i) | वैज्ञानिक |
| (b) | जगदीश चन्द्र बोस | (ii) | नाट्यकार |
| (c) | महात्मा ज्योतिबा फुले | (iii) | धार्मिक नेता |
| (d) | सफदर हाशमी | (iv) | समाज सुधारक |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

35. निम्नलिखित राज्यों को उनकी जनसंख्या के आकार के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) बिहार

(b) मध्य प्रदेश

(c) राजस्थान

(d) महाराष्ट्र

**कूट :**

(1) (d), (a), (b), (c)
(2) (b), (c), (d), (a)
(3) (c), (b), (a), (d)
(4) (a), (b), (c), (d)

36. **सूची - I** को **सूची - II** के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों से **सही** उत्तर चुनिए :

| **सूची - I** **( राज्य )** | | **सूची - II** **( जनसंख्या घनत्व )** | |
|---|---|---|---|
| (a) | तमिलनाडु | (i) | 350 |
| (b) | कर्नाटक | (ii) | 394 |
| (c) | हरियाणा | (iii) | 555 |
| (d) | महाराष्ट्र | (iv) | 573 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |



www.examrace.com

**37.** Arrange the following important bodies according to their establishment year :

(a) Indian Council of Social Science Research (ICSSR)

(b) All India Council for Technical Education (AICTE)

(c) University Grants Commission (UGC)

(d) Distance Education Council (DEC)

**Codes :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (c), (b), (a), (d) | (2) | (c), (b), (d), (a) |
| (3) | (b), (a), (c), (d) | (4) | (b), (c), (a), (d) |

**38.** Arrange the following days in the order of their celebration, use the codes given below :

(a) Human Right Day

(b) International Population Day

(c) International Literacy Day

(d) International Women's Day

**Codes :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (a), (b), (d), (c) | (2) | (d), (b), (c), (a) |
| (3) | (d), (c), (a), (b) | (4) | (b), (d), (c), (a) |

**39.** Arrange the following programmes in order of the best sequence, use the codes given below :

(a) National Literacy Mission

(b) Rural Functional Literacy Mission

(c) Continuing Education

(d) Functional Literacy for Adult Women

**Codes :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (a), (d), (c), (b) | (2) | (b), (a), (d), (c) |
| (3) | (d), (b), (a), (c) | (4) | (b), (d), (c), (a) |



www.examrace.com

37. निम्नलिखित महत्वपूर्ण निकायों को उनके स्थापना वर्ष के अनुसार व्यवस्थित कीजिए :

(a) भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आई.सी.एस.एस.आर.)

(b) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए.आई.सी.टी.ई.)

(c) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.)

(d) दूरस्थ शिक्षा परिषद (डी.ई.सी.)

**कूट :**

(1) (c), (b), (a), (d) (2) (c), (b), (d), (a)

(3) (b), (a), (c), (d) (4) (b), (c), (a), (d)

38. नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित दिवसों को उनके मनाये जाने के तारीखों के अनुसार व्यवस्थित कीजिए :

(a) मानवाधिकार दिवस

(b) अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस

(c) अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

(d) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**कूट :**

(1) (a), (b), (d), (c) (2) (d), (b), (c), (a)

(3) (d), (c), (a), (b) (4) (b), (d), (c), (a)

39. नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कार्यक्रमों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन

(b) ग्रामीण प्रकार्यात्मक साक्षरता मिशन

(c) सतत शिक्षा

(d) प्रौढ़ महिलाओं के लिए प्रकार्यात्मक शिक्षा

**कूट :**

(1) (a), (d), (c), (b) (2) (b), (a), (d), (c)

(3) (d), (b), (a), (c) (4) (b), (d), (c), (a)



www.examrace.com

**40.** Arrange the following in the order of occurance for the students in distance education :

(a) Terminal examination

(b) Online reinforcing instruction

(c) Print Study material

(d) Personal contact programme

**Codes :**

(1) (c), (b), (d), (a) (2) (c), (d), (b), (a)

(3) (d), (b), (c), (a) (4) (d), (b), (a), (c)

**41.** Arrange the following programmes/projects in ICT programme of National Literacy Mission :

(a) Angootha chhap

(b) Project in Radio Education for Adult Literacy

(c) Commonwealth Learning Project in Rajasthan and Madhya Pradesh

(d) Computer Based Functional Literacy Project

**Codes :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (c), (d), (a)

(3) (c), (d), (a), (b) (4) (c), (d), (b), (a)

**42.** Arrange the following evaluation work undertaken in the literacy programme of National Literacy Mission from the beginning onward :

(a) External Evaluation

(b) Internal Evaluation

(c) Self Evaluation

(d) Concurrent External Evaluation

**Codes :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (c), (b), (d), (a)

(3) (d), (b), (a), (c) (4) (d), (b), (c), (a)



www.examrace.com

**40.** दूरस्थ शिक्षा में विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित को घटनाक्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए :

(a) आवधिक परीक्षा

(b) ऑनलाइन प्रबलन निर्देश

(c) मुद्रित अध्ययन सामग्री

(d) वैयक्तिक संपर्क कार्यक्रम

**कूट :**

(1) (c), (b), (d), (a) (2) (c), (d), (b), (a)

(3) (d), (b), (c), (a) (4) (d), (b), (a), (c)

**41.** राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के आई.सी.टी. कार्यक्रम में निम्नलिखित कार्यक्रमों/परियोजनाओं को सुव्यवस्थित कीजिए :

(a) अंगूठा छाप

(b) प्रौढ़ साक्षरता के लिए रेडियो शिक्षा की परियोजना

(c) राजस्थान और मध्य प्रदेश में राष्ट्रमंडल अधिगम परियोजना

(d) कम्प्यूटर आधारित प्रकार्यात्मक साक्षरता परियोजना

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (c), (d), (a)

(3) (c), (d), (a), (b) (4) (c), (d), (b), (a)

**42.** राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के साक्षरता कार्यक्रम में आरंभ से किए जाने वाले निम्नलिखित मूल्यांकन कार्यों को सुव्यवस्थित कीजिए :

(a) बाह्य मूल्यांकन

(b) आंतरिक मूल्यांकन

(c) स्व-मूल्यांकन

(d) समवर्ती बाह्य मूल्यांकन

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (c), (b), (d), (a)

(3) (d), (b), (a), (c) (4) (d), (b), (c), (a)



www.examrace.com

**43.** Arrange the following activities of the Department of Adult, Continuing Education and Extension in an university in order these are undertaken :

(a) Teaching

(b) Research

(c) Adult Education

(d) Population Education

**Codes :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (c), (d), (a), (b)

(3) (c), (a), (b), (d) (4) (c), (d), (b), (a)

**44.** Arrange the following programmes in order of their introduction in India :

(a) Adult Education Programme

(b) National Adult Education Programme

(c) National Extension Service

(d) Total Literacy Campaign

**Codes :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (a), (c), (d)

(3) (c), (b), (a), (d) (4) (c), (a), (b), (d)

**45.** Arrange the management structures of Sakshar Bharat from higher to lower level :

(a) Zilla Lok Shiksha Samiti

(b) Panchayat Lok Shiksha Samiti

(c) Block Lok Shiksha Samiti

(d) National Literacy Mission Authority

**Codes :**

(1) (d), (c), (b), (a) (2) (d), (b), (c), (a)

(3) (d), (a), (b), (c) (4) (d), (a), (c), (b)



www.examrace.com

**43.** किसी विश्वविद्यालय के प्रौढ़, सतत शिक्षा एवं विस्तार विभाग के निम्नलिखित क्रियाकलापों को उनके किए जाने के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) पाठन

(b) शोध

(c) प्रौढ़ शिक्षा

(d) जनसंख्या शिक्षा

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (c), (d), (a), (b)

(3) (c), (a), (b), (d) (4) (c), (d), (b), (a)

**44.** निम्नलिखित कार्यक्रमों को भारत में उनके लागू होने के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम

(b) राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम

(c) राष्ट्रीय विस्तार सेवा

(d) कुल साक्षरता अभियान

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (a), (c), (d)

(3) (c), (b), (a), (d) (4) (c), (a), (b), (d)

**45.** साक्षर भारत की प्रबंध संरचना को उच्च से निम्न स्तर के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) जिला लोक शिक्षा समिति

(b) पंचायत लोक शिक्षा समिति

(c) ब्लॉक लोक शिक्षा समिति

(d) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण

**कूट :**

(1) (d), (c), (b), (a) (2) (d), (b), (c), (a)

(3) (d), (a), (b), (c) (4) (d), (a), (c), (b)



www.examrace.com

*Read the passage given below and answer the questions that follow based on your understanding of the passage Question Nos.* ***46 to 50.***

Today, India is one of the youngest nations in the world with more than 62% of its population in the working age group (15-59 years), and more than 54% of its total population below 25 years of age. Its population pyramid is expected to bulge across the 15-59 age group over the next decade. It is further estimated that the average age of the population in India by 2020 will be 29 years as against 40 years in USA, 46 years in Europe and 47 years in Japan. In fact, during the next 20 years the labour force in the industrialized world is expected to decline by 4%, while in India it will increase by 32%. This poses a formidable challenge and a huge opportunity. To reap this demographic dividend which is expected to last for next 25 years, India needs to equip its workforce with employable skills and knowledge so that they can contribute substantively to the economic growth of the country.

Apart from meeting its own demand, India has the potential to provide skilled workforce to fill the expected shortfall in the ageing developed world. As India moves progressively towards becoming a global knowledge economy, it must meet the rising aspirations of its youth. This can be partially achieved through focus on advancement of skills that are relevant to the emerging economic environment. The challenge pertains not only to a huge quantitative expansion of the facilities for skill training, but also to the equally important task of raising their quality.

**46.** How much is India's working age population according to census 2011 ? Choose one out of the following :

(1) 38 million (2) 56 million (3) 77 million (4) 98 million

**47.** How much is India's population below 25 years of age according to the census 2011 ? Choose one out of the following :

(1) 65 million (2) 25 million (3) 50 million (4) 37 million

**48.** Why does India enjoy a "demographic dividend" in terms of working population ? Choose one out of the following :

(1) Because more of its population requires work skills.

(2) Because it has a very large working population and will have it for many years.

(3) Because people prefer liberal education as compared to work skills.

(4) Because its health is better than workers in other parts of the world.



www.examrace.com

*नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और अपनी समझ के आधार पर इस अनुच्छेद के बाद दिए गए प्रश्नों (प्रश्न संख्या **46** से **50**) के उत्तर दीजिए :*

आज, भारत दुनिया के सर्वाधिक युवा राष्ट्रों में से एक है जिसकी 62% आबादी कार्यशील आयु समूह (15-59 वर्ष) में है, और इसकी कुल आबादी का 54% से अधिक 25 वर्ष से कम आयु का है। अगले दशक में इसकी आबादी के पिरामिड में 15-59 वर्ष के आयु समूह में उभर आने की उम्मीद है। यह भी अनुमान है कि 2020 तक भारत में आबादी की औसत आयु 29 वर्ष होगी जबकि अमरीका की आबादी की औसत आयु 40 वर्ष, यूरोप की 46 वर्ष और जापान की 47 वर्ष होगी। वस्तुत: अगले 20 वर्षों में, औद्योगीकृत विश्व में कार्यबल में 4% की गिरावट आने की उम्मीद है, जबकि भारत में इसमें 32% की वृद्धि हो जाएगी। इससे एक विकट चुनौती और विशाल अवसर पैदा होंगे। इस जनसांख्यिकीय लाभ, जिसके आगामी 25 वर्षों तक मौजूद रहने की उम्मीद है, का फायदा उठाने के लिए भारत को अपने कार्यबल को नियोजन-योग्य कौशलों तथा ज्ञान से सुसज्जित करने की आवश्यकता है ताकि वे भारत के आर्थिक विकास में उल्लेखनीय रूप से योगदान कर सकें।

अपनी स्वयं की मांग को पूरा करने के अतिरिक्त भारत के पास वृद्ध हो रहे विकसित विश्व में अपेक्षित कमी की पूर्ति करने के लिए कुशल कार्यबल उपलब्ध कराने की क्षमता है। भारत जैसे-जैसे प्रगामी रूप से वैश्विक ज्ञान अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हो रहा है, उसी तरह इसे अपने युवाओं की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करना होगा। इसे उभरते हुए आर्थिक वातावरण के संगत कौशलों के उन्नयन पर ध्यान केन्द्रित कर आंशिक तौर पर हासिल किया जा सकता है। चुनौती कौशल प्रशिक्षण हेतु सुविधाओं के विशाल परिमाणात्मक विस्तार तक से ही संबंधित नहीं है बल्कि उनकी गुणवत्ता में वृद्धि करने के उतने ही महत्वपूर्ण कार्य से भी जुड़ी हुई है।

**46.** जनगणना, 2011 के अनुसार भारत की कार्यशील आयु वाली आबादी कितनी है? निम्नलिखित में से एक का चयन कीजिए :

(1) 38 मिलियन (2) 56 मिलियन (3) 77 मिलियन (4) 98 मिलियन

**47.** जनगणना, 2011 के अनुसार भारत की कितनी आबादी 25 वर्ष से कम आयु की है? निम्नलिखित में से एक का चयन कीजिए :

(1) 65 मिलियन (2) 25 मिलियन (3) 50 मिलियन (4) 37 मिलियन

**48.** भारत को कार्यशील आबादी के संदर्भ में ''जनसांख्यिकीय लाभ'' क्यों प्राप्त है? निम्नलिखित में से एक का चयन कीजिए :

(1) क्योंकि इसकी अधिकांश आबादी को कार्य कौशल की आवश्यकता है।

(2) क्योंकि इसकी बहुत बड़ी आबादी कार्यशील है और कई वर्षों तक रहेगी।

(3) क्योंकि लोग कार्य कौशलों की तुलना में उदार शिक्षा को तरजीह देते हैं।

(4) क्योंकि इसकी स्थिति दुनिया के अन्य भागों के कामगारों से बेहतर है।



www.examrace.com

**49.** Why does India have the potential of supplying trained manpower to the developed countries ? Choose one out of the following :

(1) Because requirements of the working population are rapidly increasing in the developed countries.

(2) Because people in the developed countries are giving by work.

(3) Because the working age population in decreasing in the developed countries.

(4) Because workers in the developed countries are spending more time for leisure activities.

**50.** How can India benefit from the global knowledge economy ? Choose the one out of the following :

(1) India should universalize elementary education.

(2) India should universalize secondary education.

(3) India should accord high priority to skills training.

(4) India should universalize higher education.

- o 0 o -



www.examrace.com

**49.** भारत के पास विकसित देशों को प्रशिक्षित जनशक्ति उपलब्ध कराने की क्षमता क्यों है? निम्नलिखित में से एक का चयन कीजिए :

(1) क्योंकि विकसित देशों में कार्यशील आबादी की आवश्यकताएँ तेजी से बढ़ रही हैं।

(2) क्योंकि विकसित देशों में लोग काम छोड़ रहे हैं।

(3) क्योंकि विकसित देशों में कार्यशील आबादी घट रही है।

(4) क्योंकि विकसित देशों में कामगार सावकाश कार्यकलापों पर ज्यादा समय व्यतीत कर रहे हैं।

**50.** भारत को वैश्विक ज्ञान अर्थव्यवस्था से किस प्रकार लाभ हो सकता है? निम्नलिखित में से एक का चयन कीजिए :

(1) भारत को प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकीकरण करना चाहिए।

(2) भारत को माध्यमिक शिक्षा का सार्वभौमिकीकरण करना चाहिए।

(3) भारत को कौशल प्रशिक्षण को उच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

(4) भारत को उच्चतर शिक्षा का सार्वभौमिकीकरण करना चाहिए।

- o 0 o -



www.examrace.com

**Space For Rough Work**

Exam Race



www.examrace.com